# बेमौसम बारिश से किसानों के चेहरों पर मायूसी

## 'ओलावृष्टि के कारण धनियां, चना, गेंहू, सरसों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई है'

**छबड़ा, (निसं)।** भूमि पुत्र प्राकृतिक संकट से उभर ही नहीं पा रहे हैं। शुक्रवार को हुई बेमौसम बारिश से खेतों में खड़ी व आडी पड़ी फसलों में व्यापक नुकसान हुआ है। जिससे किसानों के चेहरों पर मायूसी दिखाई पड़ रही है।

किसानों का कहना है कि पिछले तीन वर्ष से बारिश, बाढ , ओलावृष्टि के कारण फसलों में निरंतर भारी नुकसान हुआ है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। वही 4 व 5 मार्च को भी भारी बारिश के कारण किसानों की फसलों में काफी नुकसान हुआ था। उस नुकसान से उभरा भी नहीं पाए थे कि शुक्रवार को एक बार फिर आसमान से आफत की बारिष बरस पडी।

विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर छबडा-छीपाबडौद विधानसभा क्षेत्र में रबी की फसलों में हुए नुकसान का सर्वे करवाकर मुआवजा दिलवाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की रात्रि को छबडा तहसील की ग्राम पंचायत गोड़ियामेहर, तीतरखेड़ी, कडैयाहाट, बापचा, भूलोन, फलिया और छीपाबड़ौद तहसील की ग्राम पंचायत ढोलम, अजनावर, बिलेडी, कुम्भाखेडी, हरनावदाशाहजी आदि ग्राम पंचायतों में बेमौसम हुई भारी बारिश, तेज आंधी, ओलावृष्टि के कारण धनियां, चना, अफीम, गेंहू, सरसों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई है। विधायक सिंघवी ने जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतगर्त बीमा करवा रखा है, उन किसानों को बीमा क्लेम की राशि शीघ्र दिलाए जाने की मांग की।



छबड़ा क्षेत्र में अतिवृष्टि से फसलों में काफी नुकसान हुआ।

# आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाडा थाना क्षेत्र के लांबा भाटडा में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। किसान खेतों में काम कर रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शनिवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

लांबा भाटडा निवासी थावरचंद मेणात ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में उसने बताया कि शक्रवार शाम के समय उसका भाई प्रकाशचंद्र मेणात खेतों में गेहूं की फसल को इकट्ठा कर रहा था। उसी समय तेज हवाओं और बादलों की गर्जना के साथ ही अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरने से उसका सीना गंभीर रूप से झुलस गया। इस पर खेतों में काम कर रहे दूसरे लोग दौडकर आए।

घायल प्रकाशचंद्र को बिछीवाडा अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस पर उसे डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद प्रकाशचंद्र को मृत घोषित कर दिया।

# हार्डकोरों और हिस्ट्रीशीटरों के यहां पुलिस ने छापे मारे

## एक आरोपी के घर से 18 लाख से ज्यादा रूपए भी बरामद किए

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट की जिला पूर्व एवं पश्चिम पुलिस ने एक बार शनिवार की तड़के कमिश्नरेट के हार्डकोरों और हिस्ट्रीशीटरों के घरों की घेराबंदी कर रेड की। शनिवार की तड़के की गई घेराबंदी में पुलिस ने एक साथ एक हजार बदमाशों के यहां पर रेड दी। एक आरोपी के घर से 18 लाख से ज्यादा रूपए भी बरामद किए है। साथ ही पुलिस ने जिला पूर्व एवं पश्चिम से 144 लोगों को पकड़ा है।

- **पुलिस ने जिला पूर्व एवं पश्चिम से 144 लोगों को पकड़ा**

पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड़ के अनुसार अरूणोदय अभियान के तहत जिला पूर्व एवं पश्चिम में टीमों का गठन किया। हार्डकोर और हिस्ट्रीशीटरों के घरों पर रेड देने के लिए जिला पूर्व में 46 टीमों का गठन कर 90 लोगों को गिरफ्तार किया। जिला पश्चिम में 30 टीमों का गठन 400 बदमाशों के घरों और ठिकानों पर दबिश दी। जिला पश्चिम में 54 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

कमिश्नरेट की जिला पूर्व की उपायुक्त डॉ. अमृता दुहन, डीसीपी वेस्ट गौरव यादव के नेतृत्व में पुलिस की टीमों ने एक साथ रेड दी। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले भी पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों और हार्डकोरों की धरपकड़ के लिए एक साथ रेड दी थी। जहां से कई हिस्ट्रीशीटरों के साथ हार्डकोर बदमाशों को पकड़ा गया था।

# आंधी व बारिश से पकी व कटी फसलों को नुकसान

## जिले में बीती रात 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चली

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** जिले में बीती रात 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली आंधी के कारण गेहूं व जौ की फसलें खेतों में बिछ गई। साथ ही काटकर खलिहानों में रखी सरसों की फसल भी दूर-दूर तक बिखर गई।

क्षेत्र में बीती रात 11:30 बजे एकाएक आंधी चलनी शुरू हो गई। इस कारण बिजली गुल हो गई। रात एक बजे तक आंधी रूकने के बाद अलग-अलग क्षेत्रों में हल्की बारिश भी हुई। जयपुर के मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 18 मार्च को मेघ गर्जन के साथ बारिश, तेज हवाएं व ओलावृष्टि की गतिविधियां बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, जोधपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर संभाग के कुछ भागों में जारी रहने की प्रबल संभावना है। 19 मार्च को एक और नया पश्चिमी विक्षोभ राज्य के ऊपर प्रभावी होगा और पुनः थंडर स्टॉर्म के साथ बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। इसके असर से 19-20 मार्च को मेघ गर्जन, बारिश, तेज हवाएं व कहीं-कहीं ओलावृष्टि का दौर राज्य के कुछ भागों में जारी रहेगा।

जी. आर. मटोरिया संयुक्त निदेशक ने बताया कि क्षेत्र में गेहूं व जौ की फसलें पकाव की स्थिति में है जो आंधी से खेतों में बिछ गई। इससे क्वालिटी व उत्पादन पर असर पड़ेगा। सरसों फसल की कटाई चल रही है। आंधी से काटकर रखी सरसों फसल बिखर गई। कई स्थानों पर बारिश से सरसों फसल भीग भी गई। इससे सरसों की क्वालिटी पर असर पड़ेगा।

# बूंदी जिले में बारिश-अंधड़ ने बरपाया कहर, फसलें आड़ी पड़ी

**बूंदी, (निसं)।** जिलेभर में हुई बीती रात तेज बारिश और अंधड से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। फसलें चौपट हो गई। ग्रामीण क्षेत्र में कई घरों के टीनशेड टूट गए। तेज अंधड व बरसात के कारण खेतों में फसलें आडी पड गई तो वहीं खेतों में कटकर पडी चने, धनियां मेथी की फसल उड गयी जिन्हें दूसरे दिन किसान एकत्रित करते नजर आऐं वही अंधड से कई जगहों पर मकानों के टीनशेड उड़ गयें। क्षेत्र के छप्पनपुरा गांव में बाबूलाल मीणा के तीन कमरों के सीमेंट के चद्दर लोहे की एंगलों सहित उडकर दूर जा गिरे जिससे चद्दर टूट गये वहीं परिवार के सदस्यों ने इधर उधर भाग कर जान बचाई। अन्य जगह भी काफी बारिश के कारण नुकसान हुआ।

- **बारिश-अंधड़ से ग्रामीण क्षेत्र में कई घरों के टीनशेड टूट गए**
- **खेतों में कटकर पड़ी चने, धनियां, मेथी की फसल उड गयी**
- **बूंदी विधायक ने उठाई फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग**

तेज बारिश और ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए बूंदी विधायक ने जिला कलक्टर को पत्र लिखकर फसल खराबे का मुआवजा दिलाने की मांग उठाई है। पत्र में लिखा है की तेज बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को बहुत नुकसान हुआ है। बरूंधन व तालेड़ा क्षेत्र सहित संपूर्ण बूंदी विधानसभा क्षेत्र में इसका बहुत ज्यादा असर हुआ है। किसानों की पकी हुई फसलें नष्ट हो गई है बारिश व ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए तत्काल गिरदावरी कराकर मुआवजा दिलाया जाए। यह जानकारी विधायक मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने दी। शुक्रवार रात्रि को आए तूफान व बारिश से बून्दी जिले की बिजली व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई।

जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता जे.पी. बैरवा ने बताया कि 22 पोल टूटने और 5 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र में अंधकार फैल गया। जिसे देर रात तक अभियंताओं ने दुरूस्त करवा कर क्षेत्र की संपूर्ण विद्युत आपूर्ति की बहाल करवाई। 17 मार्च की रात्रि आए आंधी तूफान से निगम को हुई करीब 4. 88 लाख का नुकसान होने का आंकलन है।

# हुक्का बार मालिक समेत पांच युवक गिरफ्तार

## आस-पास के लोगों को था शक, हुक्काबार पर मारा छापा

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** हुक्का बार पर छापा मारकर बीती रात को पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी हुक्का बार चला रहा था और चार लोग हुक्का पीते मिले। हुक्काबार से स्मोकिंग से जुड़े सामान को बरामद किया गया है। हुक्काबार के आस-पास के लोगों को यहां की एक्टिविटी पर शक था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने शिकायत की। मामला श्रीगंगानगर के पुरानी आबादी थाना इलाके का है। पुलिस मौके पर पहुंची तो हुक्का बार संचालक और हुक्का पी रहे लोगों ने भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें धर दबोचा गया। मौके से आरोपी हुक्का बार चलाने वाले तीन पुली के पास वसंत विहार कॉलोनी निवासी राहुल सोनी (19 ) पुत्र विनोद कुमार सोनी को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही गांधी बस्ती के साहिल खुराना (18 ) पुत्र विजय खुराना, साहिल डालिया (18 ) पुत्र बलराज डालिया, यश पांडेय (19 ) पुत्र अरविंद और सुमित (20) पुत्र चंद्रसहाय को गिरफ्तार किया गया। मौके से स्मोकिंग में उपयोग होने वाली सामग्री भी बरामद की गई है।

# हमले के चार आरोपी गिरफ्तार, बाइक बरामद

## पुलिस ने एक बाल अपचारी को डिटेन किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना अंतर्गत छेला खेरवाडा फला अम्बेरा निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि विगत 14 मार्च की रात्रि को उसकी नाबालिक बहन को तीन लोगों ने जबरन अपहरण कर उठा ले जाने के दौरान उसके साथ मारपीट कर गम्भीर चोटें पहुंचाई थी।

जिसका निस्तारण करते हुए सदर पुलिस ने मामले में चार आरोपियों व एक बाल अपचारी को डिटेन किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार छेला खेरवाडा अम्बेरा फला निवासी कालूराम पुत्र अमरा अहारी ने एक रिपोर्ट 15 मार्च को थाने में उपस्थित होकर दी जिसमें उसने बताया कि 14 मार्च को डूंगरपुर शहर में वह काम से आया था और घर पर उसकी पत्नी व बहन अकेली थी जिन्हें अकेला देखकर हरीश पुत्र कांतिलाल घोघरा निवासी मजोला व उसके अन्य तीन साथी आये व उस्की नाबालिग बहन को जबरन उठाकर ले गए।

जिस पर उसने उनका पीछा किया उस दौरान उसके साथ काका देवीलाल भी थे आरोपियों ने काका के पीठ पर छुरी घोंप दी और मारपीट कर बहन को लेकर भाग गए। प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर टीम गठित कर हरीश पुत्र कांतिलाल घोघरा तथा उसके साथी प्रवीण पुत्र कारीलाल बरंडा, पिंटू पुत्र हालिया मीणा व महेंद्र पुत्र कचरा बलात सभी निवासी मझोला को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को भी डिटेन किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त किये गए दो वाहन भी जब्त किए साथ ही अन्य सहयोगी की भी तलाश की जा रही है।



अपहरण व जानलेवा हमले के मामले में गिरफ्तार किये गए आरोपियों के साथ पुलिस दल।

# हादसे में युवक की मौत, दो घायल

**उदयपुर, (कासं)।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र में ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई तथा दो साथी घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार अपरान्ह में प्रतापनगर थानाक्षेत्र सुखेर रोड़ पर स्थित एमएलएसयू स्वर्ण जयंती पार्क के समीप ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बडी निवासी लक्षित पुत्र खेमराज चौबीसा की मौत हो गई तथा उसके साथी हेमन्त शर्मा व केतन मैनारिया घायल हो गए।

- **ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी थी जिससे मौत हो गई**

तीनों डबोक परीक्षा देने गए थे जहां से वापस घर लौट रहे थे और बीच रास्ते में यह हादसा हो गया। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल लालसिंह ने मौके पर पहुंच तीनों को एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां लक्षित को मृत घोषित कर दिया तथा दोनों घायलों हेमंत व केतन को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

# धर्मांतरण के संदेह पर वि.हि.प. और बजरंग दल का हंगामा

## पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के सरदारपुरा स्थित रेजीडेंसी रोड पर आई एक चर्च हॉल में धर्मांतरण की आशंका में विश्व हिंदू परिषद् एवं बजरंगदल के कार्यकर्ता सुबह पहुंचे। यहां पर काफी देर तक हंगामा हुआ। बाद में सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। इस बारे में एक परिवाद सरदारपुरा थाने में दिया है। इस बारे में अब पुलिस की तरफ से जांच की जा रही है।

सुबह दस बजे विश्व हिंदू परिषद् एवं बजरंग दल को सूचना मिली कि रेजीडेंसी रोड पर आए सेंट एंड्रूज हॉल में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। चर्च के लोगों द्वारा गरीब असहायों को हारी-बीमारी के नाम पर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। एकबारगी काफी हंगामा हुआ। बाद में पुलिस भी सूचना पर पहुंच गई। बताया गया कि 250-300 लोगों को धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। उन्हें रोगों को मुक्त करने, अन्य धर्म की बुराई करने आदि के साथ अपने धर्म का प्रचार किया जा रहा था। विहिप विधानमंत्री राजेश दवे, प्रांत प्रमुख अनिल कुमार सहित काफी कार्यकर्ता एकत्र हो गए।

- **बताया गया कि 250-300 लोगों को धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था**

सरदारपुरा थानाधिकारी सोमकरण ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलने पर वहां पहुंची थी। वहां से लोगबाग जा चुके थे। अब इन लोगों ने परिवाद दिया है और धर्मांतरण का अंदेशा जताया है। परिवाद को जांच में रखा गया है। इसके बाद ही अठिाम कार्रवाई की जाएगी। परिवाद में कुछ लोगों को नामजद किया गया है। जिनसे बातचीत कर वास्विकता का पता लगाया जाएगा।

# शिक्षा विभाग में अवकाश पर रोक

**बीकानेर, (निसं)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की दसवीं व बारहवीं क्लास के एग्जाम के चलते शिक्षा विभाग ने विभाग में अवकाश पर रोक लगा दी है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल ने आदेश जारी किए हैं। निदेशक गौरव अग्रवाल ने बताया कि शिक्षा के सभी स्कूल्स और ऑफिस में सोलह अप्रैल तक किसी भी कर्मचारी व टीचर को अवकाश नहीं दिया जाएगा। अत्यंत विशेष कारण होने पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक से स्वीकृति के बाद ही अवकाश लिया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी संबंधित कर्मचारी के अवकाश के कारणों से संतुष्ट होने के बाद ही अवकाश दे सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक के अधीन ही जिलों में बोर्ड एग्जाम हो रहे हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में टीचर्स अवकाश लेकर घर बैठ जाते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए निदेशक ने आदेश जारी किए हैं।

# दुकान व घर से जेवर व नगदी चोरी

**बीकानेर, (कासं)।** बीकानेर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। नयाशहर थाना क्षेत्र में तो हर रोज चोरी का रिकॉर्ड बनता जा रहा है। पिछले दिनों मुरलीधर व्यास नगर में हुई चोरी का अब तक राज नहीं खुला कि रामपुरा बस्ती से फिर चोरी हो गई है। यहां एक घर व उसी घर में बनी दुकान पर चोरों ने हाथ साफ किया। सोने चांदी के जेवरात के साथ दुकान से नगद रूपए भी चोर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

दरअसल रामपुरा बस्ती में रहने वाले प्रभुदयाल स्वामी ने नयाशहर थाने में एफआईआर दी है कि 12 से 16 मार्च तक वो विवाह समारोह में शामिल होने के लिए चूरू के सुजानगढ़ में आबसर गांव गया हुआ था। वापस आने पर पता चला कि चोरों ने घर में घुसकर चोरी की है। न सिर्फ घर में बल्कि घर के आगे बनी महावीर जनरल स्टोर से भी सामान व नगदी चोरी हुई है। चोर सोने-चांदी के जेवरात के साथ नगद रूपए भी ले गए। इनकी कीमत लाखों रूपये बताई जा रही है।

चोर ने 12 से 16 मार्च के बीच ही यहां पर वारदात को अंजाम दिया है। काफी देर तक रुककर घर की अलमारियां तोड़कर सोने-चांदी के जेवर निकाले हैं। दुकान के काउंटर में रखे रुपए भी चोरी कर ले गया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# आर.टी.एच. के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन

## 85 अस्पतालों के चिकित्सकों ने चाबियां कलेक्टर को सौंपी

**झुंझुनूं, (निसं)।** शनिवार को झुंझुनूं में प्राइवेट अस्पताल संघर्ष समिति के बैनर तले जिले के सभी निजी चिकित्सकों ने जिला कलेक्ट्रेट के सामने स्वास्थ्य के बिल के विरोध में धरना दिया। धरने के साथ में मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें प्रस्तावित स्वास्थ्य के अधिकार बिल जो कि वास्तव में निजी अस्पतालों में जबरदस्ती मुफ्त इलाज का बिल हैं, के विरोध में सभी निजी चिकित्सकों ने अपने अस्पतालों के गैट पर ताला लगा कर अपने अस्पतालों को बंद किया और उनकी चाबिया धरना स्थल पर एकत्रित की।

85 अस्पतालों ने अपनी चाबियाँ संघर्ष समिति को सौंप दी जिन्हें जिला कलेक्टर को सुपुर्द किया गया और उनसे माँग की गई कि अब निजी अस्पतालों को आरटीएच बिल के चलते चलाना असंभव है इन अस्पतालों को अब सरकार ही चलायेगी। समिति के जिला कॉर्डिनेटर डॉ. कमल चंद सैनी ने बताया कि शनिवार को शुरू किया गया धरना रविवार को भी जारी रहेगा और जिला मुख्यालय पर गांधी चौक से नेहरू पार्क तक विशाल रैली निकाली जाएगी जिसमें पूरे जिले के विशाल संख्या में स्वास्थ्यकर्मी शामिल होंगे और आरटीएच का विरोध करेंगे और रविवार को भी निजी अस्पतालों, क्लीनिक और रेडियोलोजी डायग्नोस्टिक सेंटर्स में किसी भी प्रकार की सेवा उपलब्ध नहीं होगी।

रैली और घेराव के दौरान इस काले कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर के इस बिल को वापस लेने के मांग की जाएगी इसी क्रम में दिनांक 20 मार्च को जयपुर पहुँच कर विधान सभा का घेराव किया जायेगा। इस धरने में जिले भर से सौ से भी अधिक निजी चिकित्सक उपस्थित हुए जिनमे डॉ. कुंदन सिंह मील, डॉ. सुभाष भारद्वाज, डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा, डॉ. लालचंद ढाका, डॉ. शुभकरण बुरी, डॉ. अनिल महलावत, डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. अर्शा चौधरी, डॉ. रवि मोखरिया, डॉ. ओपी सैनी, डॉ. करन सिंह बेनीवाल, डॉ. पुष्पेंद्र बुडानिया, डॉ. संतोष ढाका, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. अंकुर मील, डॉ. सुधीर रेवाड, डॉ. पवन सिहाग, डॉ. अरूण सूरा, डॉ. देवेंद्र चाहर, डॉ. नरेंद्र श्योराण, डॉ. प्रियंका बुडानिया, डॉ. नरेंद्र जांगिड आदि शामिल थे।

# महिला से लूट का आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर, (कासं)।** शहर में अपने पति के साथ स्कूटी पर घर लौट रही महिला का पर्स छीनकर ले जाने का मामला सामने आया है। पर्स में मोबाइल व 4 से पांच हजार रुपए की नकदी थी। वारदात बाइक सवार दो युवकों ने अंजाम दी। अलवर गेट थाना पुलिस ने मामले में तुरंत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

कम्यूनिटी हाल के पीछे धौलाभाटा अजमेर निवासी सुनिल टिलवानी पुत्र गिरधारी लाल टिलवानी (52) ने बताया कि उनकी पत्नी अंजना टिलवानी के साथ रात करीब साढे नौ बजे स्कूटी से अलवर गेट चौराहा से अपने घर धोलाभाटा जा रहे थे। मैयो लिंक रोड पर मैयो गर्ल्स स्कुल गेट के पास पहुंचे तो हमारे पीछे से दो व्यक्ति एक मोटर साईकिल से आए। पत्नी का पर्स छीन कर ले गए, जिसमे एक मोबाइल फोन 4 से 5 हजार रुपए नकद रखे हुए थे। तलाश किया लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई नन्द भंवर सिंह को सौंपी है। पुलिस ने महिला से लूट के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अलवर गेट थाना प्रभारी श्याम सिंह चारण ने बताया कि महिला के पति सुनील तिलवानी ने 17 मार्च 2023 को थाने पर उपस्थित होकर लूट की वारदात का मुकदमा दर्ज करवाया था। मामले में पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर शिव शक्ति कॉलोनी तानाजी नगर निवासी उमेश कुमार को गिरफ्तार किया है।

# देश के विकास में महिलाएं कर रही नेतृत्व: ओम बिरला

## दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलतराम कॉलेज में लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने महिलाओं के योगदान को सराहा

**कोटा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर छात्राओं को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान भारतीय परंपरा और संस्कृति का हिस्सा है। महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्री बाई फुले, बाबा साहब अंबेडकर जैसे समाज सुधारकों को महिला सशक्तिकरण में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं के योगदान को याद करते हुए बिरला ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वास्तव में, रानी लक्ष्मीबाई ने ही आजादी के आंदोलन की नीव रखी थी। बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी के कारण ही हमारा स्वतंत्रता संठााम सफल हो सका।

बिरला ने आजादी के बाद से अब तक देश के विकास में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि हर क्षेत्र में आज देश की महिलाएं अठिाम भूमिका निभा रही हैं। फाइटर प्लेन से लेकर सीमाओं पर युद्ध हो, चाहे अर्ध सैनिक बल हो, हर जगह महिलायें अठिाम पंक्ति पर खड़ी हैं। सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से लाखों महिलायें अपने छोटे-छोटे उद्योग चलाकर समाज में एक बड़ा बदलाव ला रही हैं, बिरला ने कहा जब भी किसी अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी शैक्षिणक दौरों के लिए संसद आते हैं, तो ऐसा देखने में आता है कि पुरुषों की तुलना में महिला प्रशिक्षुओं की संख्या अधिक होती है। उन्होंने ने कहा कि समय के साथ महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी भी बढ़ी है। जब हमारा देश आज़ाद हुआ था, तब देश की संविधान सभा में महिलाओं की संख्या 15 थी। वहीं आज 115 महिला भारत की संसद में देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। ठाामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र तक की सभी लोकतान्त्रिक संस्थाओं में आज 14 लाख से ज्यादा महिलायें नेतृत्व करते हुए समाज में सामाजिक और आर्थिक बदलाव ला रही हैं।



लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

बिरला ने कहा कि देश के विकास में महिला नेतृत्वकर्ता की भूमिका में हैं। जीवन के हर क्षेत्र में आज महिलाएं जिन उपलब्धियों को अपने नाम दर्ज करा रही है, वह अमृत काल में देश के संकल्पों के साकार होने का विश्वास दिलाती है। उन्होंने कॉलेज के छात्राओं का आव्हान किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने पर ध्यान देने केंद्रित करने के साथ वे देश के प्रति भी अपने लक्ष्य निर्धारित करें।